# रेलवे भर्ती कक्ष

## उत्तर पश्चिम रेलवे

पावर हाउस रोड, डीआरएम ऑफिस के सामने, जयपुर–302006

### उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2018–19 में खेलकूद कोटा (खुला विज्ञापन) के अन्तर्गत खिलाड़ियों की भर्ती

**रोजगार सूचना संख्या 01/2018 (उ.प.रे./खेलकूद/खुला विज्ञापन)**
**प्रारंभ होने की तिथि : 20.07.2018** **अंतिम तिथि : 20.08.2018 (समय : 17.00 बजे तक)**

वर्ष 2018–19 के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के खेलकूद कोटा के 21 पदों (लेवल–4/5 के लिए 05 पदों एवं लेवल–2/3 के लिए 16 पदों) को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **जो उम्मीदवार खेलकूद की योग्यता रखते हैं, वे ही आवेदन कर सकते है।** लेवल – 4/5 (छठा वेतन आयोग समूह 'ग' पे बेण्ड–1 रु. 5200–20200+ग्रेड पे–2400/2800) तथा लेवल–2/3 (छठा वेतन आयोग समूह 'ग' पे बेण्ड–1 रु. 5200–20200+ग्रेड पे–1900/2000) के पदों के लिए निर्धारित प्रारूप में अलग–अलग आवेदन पत्र, डाक द्वारा **सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती), रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, पावर हाउस रोड, डीआरएम ऑफिस के सामने, जयपुर 302006** को केवल साधारण डाक द्वारा भेजी जाए या रेलवे भर्ती कक्ष, के कार्यालय में रखे हुए **"आवेदन–पत्र बॉक्स"** में अन्तिम तिथि अर्थात् 20.08.2018 को 17.00 बजे तक डाल दिये जाए **(कुरियर डाक/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट स्वीकार नहीं की जाएगी)**। आसाम, मेघालय, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल व स्पिति जिला, चाम्बा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान, निकोबारव लक्षद्वीप टापुओं के निवासियों तथा विदेश मे रहने वालों के लिए साधारण डाक से आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 04.09.2018 को 17.00 बजे तक होगी। **अन्तिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

{1}भरी जाने वाली रिक्तियों का ब्यौरा :–

| क्र. सं. | खेल का नाम | इवेन्ट/पोजिशन/भार कोटि | रिक्तियाँ (कोटि) | पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार ग्रेड पे (जीपी) सहित वेतनमान) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एथलेटिक्स | शॉटपुट | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | पोल वॉल्ट | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| 2 | बॉक्सिंग | 91 किग्रा | 01 (पुरूष) | पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 2400/2800 रू.) |
| | | 54 किग्रा | 01 (महिला) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 75 किग्रा | 01 (महिला) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| 3 | शतरंज | ...... | 01 (पुरूष) | पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 2400/2800 रू.) |
| 4 | क्रिकेट | फास्ट बॉलर | 02 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | वीकेट कीपर | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| 5 | साइक्लिंग | 1000 मीटर (व्यक्तिगत टाइम ट्रायल) | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 1000 मीटर (व्यक्तिगत स्परीन्ट) | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| 6 | पावरलिफटिंग | 83 किग्रा | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 93 किग्रा | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |

| क्र. सं. | खेल का नाम | इवेन्ट/पोजिशन/भार कोटि | रिक्तियाँ (कोटि) | पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार ग्रेड पे (जीपी) सहित वेतनमान) |
|---|---|---|---|---|
| 7 | शूटिंग | 10 मीटर एयर पिस्टल | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 50 मीटर 3–पोजीशन राइफल (व्यक्तिगत) | 01 (पुरूष) | पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 2400/2800 रू.) |
| 8 | वेटलिफिटिंग | 58 किग्रा | 01 (महिला) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 90 किग्रा | 01 (महिला) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| 9 | रेसलिंग | 55 किग्रा जीआर | 01 (पुरूष) | पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 2400/2800 रू.) |
| | | 67 किग्रा जीआर | 01 (पुरूष) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | | 79 किग्रा एफएस | 01 (पुरूष) | पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू.+जीपी 2400/2800 रू.) |
| | | 62 किग्रा एफएस | 01 (महिला) | पे लेवल 2/3 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी-1 5200–20200 रू. + जीपी 1900/2000 रू.) |
| | **कुल पद** | **21 (05 रिक्तियाँ पे लेवल 4/5 में एवं 16 रिक्तियाँ पे लेवल 2/3 में)** | | |

**नोट :–** कोई भी पद अजा, अजजा और अपिव के लिए आरक्षित नहीं है । तथापि, अजा/अजजा/अपिव समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों को स्वयं द्वारा सत्यापित, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की फोटो प्रति संलग्न करना अपेक्षित है।

(2) **न्यूनतम खेलकूद एवं शैक्षणिक योग्यता :**

**(क) खेलकूद मानदंड/योग्यता :**

| क्रम संख्या | पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी –1, रू. 5200–20200+ग्रेड पे) | भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद मानदंड/योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | पे लेवल 4/5 (ग्रेड पे रू. 2400/2800) | **क.** ओलंपिक खेलों में देश का (सीनियर केटेगरी में) प्रतिनिधित्व किया हो । **या**<br>**ख.** विश्व कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी) एशियाई खेल (सीनियर)/राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कम से कम तीसरा स्थान हासिल किया हो, एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को छोड़कर । |
| 2 | पे लेवल 2/3 (ग्रेड पे रू. 1900/2000) | **क.** विश्व कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/एशियाई खेल (सीनियर केटेगरी)/राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व किया हो **या**<br>**ख.** राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/एशियाई चैम्पियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी), साउथ एशियन फेडरेशन (सैफ) खेल (सीनियर केटेगरी)/यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैम्पियनशिप (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**<br>**ग.** सीनियर/युवा/जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राज्य अथवा समकक्ष इकाई का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**<br>**घ.** भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**<br>**ड.** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**<br>**च.** फेडरेशन कप चैम्पियनशिप (वरिष्ठ श्रेणी) में पहला स्थान प्राप्त किया हो। |

**(ख) शैक्षणिक योग्यता :** अभ्यार्थियों के पास निचे दर्शाए गए अधिसूचना अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। ऐसे अभ्यार्थी जो अंतिम परीक्षा में शामिल हो रहे हों या परिणाम का इंतजार कर रहे हों, वे पात्र नहीं हैं।

| क्रम संख्या | पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी –1, रू. 5200–20200 + ग्रेड पे) | भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | पे लेवल 5 (ग्रेड पे रू. 2800) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष। |
| 2 | पे लेवल 4 (ग्रेड पे रू. 2400) | कनिष्ठ आशुलिपिक पद के लिए, मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ एजुकेशन द्वारा 12वीं (+2 स्टेज) या समकक्ष एवं आशुलिपि (हिन्दी/अँग्रेजी) में 80 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ। कौशल परिक्षण के लिए 80 शब्द प्रति मिनट का डिक्टेशन 10 मिनट के लिए निर्धारित है, जिसे अँग्रेजी के लिए 50 मिनट में एवं हिन्दी के लिए 65 मिनट में लिप्यांकन करना है। **या**<br>एस एण्ड टी विभाग में इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर ग्रेड ।। पद के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान (भौतिकी) में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण या 10+2 स्टेज के तहत वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा विज्ञान (गणित या भौतिकी) के साथ उत्तीर्ण। |
| 3 | पे लेवल 2/3 (ग्रेड पे रू. 1900/2000) | मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ एजुकेशन द्वारा 12वीं (+2 स्टेज) अथवा समकक्ष। **या**<br>टेक्निशियन ।।। पद पर पदस्थापना होने के मामले में मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीक या समकक्ष और साथ में आईटीआई प्रमाण पत्र। |

**नोट:**

**क.** ऊपर पैरा 2 (क) में उल्लेखित सभी योग्यता चैंपियनशिप मान्यताप्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेलसंघ के तत्वाधान में आयोजित और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त भी होने चाहिए ।

**ख. एथलेटिक्स में,** राष्ट्रीय अंतरराज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक विजेता को भी पे लेवल 2/3 (छठे वेतनमान के अनुसार पीबी -1, ₹5,200-20,200 + ग्रेड वेतन ₹1,900/2000) वाली रिक्तियों के अन्तर्गत भर्ती हेतु विचार किया जायेगा ।

**ग. मुक्केबाजी स्पर्धा में,** अंतरराष्ट्रीय चैम्पीयनशिप में 25.09.2016 को अथवा उसके पश्चात् "युवा" कोटि में खिलाड़ियों की उपलब्धियों को "जूनियर" कोटि के स्थान पर माना जाएगा।

**घ. शतरंज में,** विभिन्न ग्रेड पे/पे लेवल में भर्ती के लिए निम्नलिखित खेलकद उपलब्धियों के बारे में भी विचार किया जाएगा :

| पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी –1 एवं ग्रेड पे) | भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद मानदंड |
|---|---|
| पे लेवल 4/5 (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी –1, रू. 5200–20200 + ग्रेड पेरू. 2400/2800) | शतरंज में ग्रांड मास्टर का खिताब |

**ड़. अंतराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट (पुरूष) में,** टैस्ट मैच में मेन इंडियन सीनियर्स टीम अथवा सीमित ओवर के वन डे इंटरनेशनल मैच अथवा ट्वन्टी–20 ओवर्स मैच में प्रतिनिधित्व किया हो तो, पे लेवल 2/3 (छठे वेतनमान के अनुसार पीबी -1, ₹5,200-20,200 + ग्रेड वेतन ₹1,900/2000) वाले पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जाएगा।

**च. नेशनल स्तर पर क्रिकेट में,** बीसीसीआई के तत्वाधान में आयोजित 4 दिन/एक दिन के सीमित ओवर/ट्वन्टी – 20 ओवर पुरूष/महिला चैम्पियनशिपों (विजी ट्रॉफी को छोड़कर) में निम्नलिखित खेलकूद उपलब्धियां होने पर पे लेवल 2/3 (छठे वेतनमान के अनुसार पीबी -1, ₹5,200-20,200 + ग्रेड वेतन ₹1,900/2000) वाले पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जाएगा :

| क्रम संख्या | चैम्पियनशिपों का ब्यौरा | कोटि | पे लेवल 2/3 (छठे वेतनमान के ग्रेड पे ₹ 1900/2000) में भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| (i) | ऑल इंडिया इंटर स्टेट इलीट एंड प्लेट ग्रुप चैम्पियनशिप | सीनियर/यूथ (यू–23)/जूनियर (यू –19) | इलीट ग्रुप चैम्पियनशिपों का सेमी–फाइनलिस्ट |
| (ii) | ऑल इंडिया इंटर स्टेट चैम्पियनशिप | सीनियर/जूनियर(यू –19) | ऑल इंडिया नॉक–आउट स्टेज का सेमी–फाइनलिस्ट |
| (iii) | ऑल इंडिया इंटर जोनल चैम्पियनशिप | सीनियर/जूनियर(यू –19) | फाइनलिस्ट |

**छ. शूटिंग में,** मान्यता प्राप्त घरेलू चैंपियनशिप के लिए, केवल वैयक्तिगत प्रदर्शन पर भर्ती के उद्देश्य से विचार किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए अखिल भरतीय जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिपन मान्यता प्राप्त नहीं है।

ज. **पावरलिफटिंग में,** 03.10.2017 के पश्चात् इंडियन पावरलिफटिंग फेडरेशन (आईपीएफ) अथवा इसकी सम्बद्ध इकाइयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में खेलकूद उपलब्धियों पर भर्ती, प्रोत्साहन तथा स्थापना संबंधी अन्य सभी मामलों पर अगले आदेश होने तक विचार नहीं किया जाएगा। बरहहाल, पावरलिफटिंग के खेल में मान्यताप्राप्त खेलकूद उपलब्धि के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा अंतरराष्ट्रीय फेडरेशनों द्वारा जारी किए गए प्रमाण–पत्र उक्त प्रयोजन के लिए अनुमेय होंगे।

झ. जुनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेल उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए निम्नानुसार आयु ग्रुपों के बारे में ही विचार किया जाएगा :

| क्रम संख्या | खेल का नाम | कोटि | मन्यता प्राप्त राष्ट्रीय जूनियर चैम्पियनशिप का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आयु वर्ग | चैम्पियनशिप का नाम |
| 1 | एथलेटिक्स | पुरूष | अन्डर – 20 | जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप |
| 2 | बॉक्सिंग | पुरूष | अन्डर – 17 | जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप |
| | | महिला | अन्डर – 17 | जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप |
| 3 | शतरंज | पुरूष | अन्डर – 19 | जूनियर राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप |
| 4 | क्रिकेट | पुरूष | अन्डर – 23 | कर्नल सी. के. नायडू ट्रॉफी (अंतर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर – 19 | कूच बेहर ट्रॉफी (अंतर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर – 19 | वीनू मांकड़ ट्रॉफी (एकदिवसीय सीमित ओवर अंतर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर – 19 | विजय हजारे ट्रॉफी (एकदिवसीय सीमित ओवर अखिल भारतीय अंतर्जोनल चैम्पियनशिप) |
| 5 | साइक्लिंग (ट्रैक एवं रोड) | पुरूष | अन्डर – 19 | राष्ट्रीय ट्रेक साइक्लिंग चैम्पियनशिप (सभी आयु वर्गों के लिए) |
| | | | | राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग चैम्पियनशिप (सभी आयु वर्गों के लिए) |
| 6 | पावर लिफटिंग | पुरूष | अन्डर –23 | जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफटिंग चैम्पियनशिप |
| 7 | शूटिंग | पुरूष | अन्डर –21 | राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप स्पर्धा (सभी आयु वर्गों के लिए) |
| 8 | वेट लिफटिंग | महिला | अन्डर – 20 | जूनियर राष्ट्रीय वेट लिफटिंग चैम्पियनशिप |
| 9 | कुश्ती (केवल फ्री स्टाइल एवं ग्रेको रोमन के लिए) | पुरूष | अन्डर –20 | जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप |
| | | महिला | अन्डर – 20 | जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप |

ञ. खुले विज्ञापन कोटा के अन्तर्गत सभी भर्तियां पे लेवल/वेतनमान के न्यूनतम पर होंगी ।

**{3} <u>खेलकूद उपलब्धियों की गणना की अवधि :</u>**
केवल वही खिलाड़ी जिन्होंने **01.04.2016** को या इसके बाद चैंपियनशिप में खेल उपलब्धि–पात्रता मानक को अर्जित किया है और सक्रिय हैं, खेल–कूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे । खेल उपलब्धि की वैधता के लिए चैंपियनशिप/स्पर्धा के अंतिम दिन की गणना की जाएगी ।

**{4} आयु सीमा : 01.01.2019** को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष ।
**नोट :– जन्म तिथि के लिए 10वीं/मैट्रिक प्रमाण पत्र/समकक्ष शैक्षणिक प्रमाण पत्र/शैक्षणिक प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि दर्शायी गई हो, अनिवार्य है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।**

{5}परीक्षा शुल्क :

(i) **उप पैरा (ii) में उल्लेखित समुदाय को छोड़कर अन्य सभी अभ्यर्थियों के लिए :–** 500/–रू. (पाँच सौ रूपए मात्र) का डी.डी (डिमांड ड्राफ्ट)/आईपीओ (भारतीय पोस्टल आर्डर)

(ii) **अजा/अजजा/महिला/अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए** :– रू. 250/– (दो सौ पचास रूपए मात्र) का डी.डी (डिमांड ड्राफ्ट)/आईपीओ (भारतीय पोस्टल आर्डर), इस प्रावधान के साथ कि यदि अभ्यर्थी ट्रायल में उपस्थित होता है और मूल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो उसे रू. 250/– वापस कर दिए जाएँगे।

(iii) डी.डी (डिमांड ड्राफ्ट)/आईपीओ (भारतीय पोस्टल आर्डर) "उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ" के पक्ष में आहरित किया जाए जो जयपुर/जीपीओ जयपुर में देय हो। अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया जाता है कि डीडी/आईपीओ का विवरण आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर भरें।

(iv) अल्पसंख्यक का अर्थ है मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और जोरास्ट्रियन (पारसी) । परीक्षा शुल्क में छूट के दावे के लिए, अल्पसंख्यक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ अनुलग्नक–IIमें वर्णित स्व–घोषणा पत्र प्रस्तुत करें। ट्रायल/साक्षात्कार के समय परीक्षा शुल्क से छूट का दावा करने वाले ऐसे अभ्यर्थी को गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर का 'अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा पत्र' का शपथ पत्र प्रस्तुत करना है कि वे उपर्युक्त में से किसी अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित हैं । **यदि ट्रायल/साक्षात्कार के दौरान शपथ–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी ।**

(v) आर्थिक रूप से पिछड़ा अभ्यर्थी का अर्थ है, वह अभ्यर्थी, जिसकी वार्षिक पारिवारिक आय रू. 50,000/– से कम है, उन्हें आवेदन करते समय जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा अनुलग्नक–III में दिए गए निर्धारित फॉर्मेट में आय प्रमाण पत्र जमा करना होगा ।

**{6} आवेदन भेजने का पता :–**

निर्धारित प्रारूप में भरा गया आवेदन अपेक्षित स्व–सत्यापित दस्तावेजों सहित केवल साधारण डाक से बन्द लिफाफे में निम्न सारणी में दिए गए पते पर भेजें या रेलवे भर्ती कक्ष जयपुर में इस प्रयोजन के लिए रखे गये बॉक्स में डाले **(कोरियर/पंजीकृत डाक/पंजीकृत डाक एडी/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा)**। काउंटर पर कोई रसीद नहीं दी जाएगी। लिफाफे के ऊपर '**वर्ष 2018–19 के लिए खेलकूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए आवेदन**' अंकित किया जाए। आवेदन–पत्र और आवेदक द्वारा जमा किए गए प्रलेखों में कोई त्रुटि/कमी पाए जाने पर आवेदन अवैध हो जाएगा।

| क्र. सं | संगठन का नाम | पता, जिस पर आवेदन भेजा जाना है | **किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक/डाकघर का डीडी/आईपीओ : के पक्ष में और स्थान पर देय** |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय, जयपुर | सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती), रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, पावर हाउस रोड, डीआरएम ऑफिस के सामने, जयपुर–302006 | 'उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ' के पक्ष में जयपुर/जीपीओ जयपुर में देय |

**{7} चयन प्रक्रिया :**

(i) खेल के लिए ट्रायल, साक्षात्कार तथा खेलकूद उपलब्धियों एवं शैक्षणिक योग्यता के आंकलन पर आधारित होगा। चयन का आयोजन उत्तर पश्चिम रेलवे, मुख्यालय, जयपुर द्वारा किया जायेगा ।

(ii) शॉर्टलिस्ट किए गए पात्र उम्मीदवार खेलकूद में प्रदर्शन हेतु ट्रायल के लिए बुलाए जाएँगे। ट्रायल समिति द्वारा उम्मीदवारों का ट्रायल, रेलवे/इकाई टीम और भारतीय रेलवे टीम के लिए उनके खेलकूद निष्पादन और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए किए जाएंगे। ट्रायल समिति नीचे दिए गए मानदंड के अनुसार अंक देते हुए अगले स्तर के लिए विचार करने हेतु "फिट" अथवा "फिट नहीं" के अनुसार अपनी सिफारिश देगी :

| | |
|---|---|
| खेल कौशल, फिजिकल फिटनेस, एवं ट्रायल के दौरान कोचों की टिप्पणियाँ | 40 अंक |
| फिट उम्मीदवार | 25 अंक या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार |
| अनफिट उम्मीदवार | 25 अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार |

(iii) ट्रायल के बाद केवल फिट उम्मीदवारों पर अगले स्तर अर्थात् भर्ती समिति द्वारा साक्षात्कार और खेलकूद उपलब्धियों एवं शैक्षणिक योग्यता के आंकलन के लिए विचार किया जाएगा।

(iv) भर्ती समिति केवल फिट उम्मीदवारों का ही साक्षात्कार लेगी और उनकी खेलकूद उपलब्धियों, शैक्षिक अर्हताओं, सामान्य ज्ञान आदि के लिए अंक (60 अंको में से) देगी। "अनफिट" घोषित उम्मीदवारों को भर्ती समिति द्वारा आगे आंका नहीं जाएगा।

(v) उम्मीदवारों का साक्षात्कार निरपवाद रूप से ट्रायल के तुरंत बाद उसी दिन या ज्यादा से ज्यादा ट्रायल के अगले दिन लिया जाएगा।

(vi) अंतिम मैरिट सूची (100 अंको में से) बनाने के उद्देश्य से ट्रायल समिति द्वारा फिट उम्मीदवारों (अर्थात् 40 अंकों में से) को दिए गए अंको को भर्ती समिति द्वारा जोड़ा जाना है।

(vii) **अंकों का वितरण :–** ट्रायल के दौरान कार्य निष्पादन के लिए ट्रायल समिति द्वारा और साक्षात्कार स्तर के दौरान भर्ती समिति द्वारा प्रदान किए जाने वाले अधिकतम अंक नीचे दिए गए अनुसार होंगे :–

| | |
|---|---|
| खेल कौशल, फिजिकल फिटनेस एवं ट्रायल के दौरान कोच की टिप्पणियां | 40 अंक |
| मानदंडों के अनुसार मान्यताप्राप्त खेलकूद उपलब्धियों के आकलन के लिए | 50 अंक |
| शैक्षिक अर्हता | 5 अंक |
| सामान्य बुद्धि ज्ञान/व्यक्तित्व आदि | 5 अंक |
| **कुल अंक** | **100 अंक** |

(viii) खुले विज्ञापन के जरिए विभिन्न पे लेवल/ग्रेड पे में भर्ती के लिए न्यूनतम अर्हक अंक नीचे दिए गए अनुसार होंगे :–

| पे लेवल (छठे वेतन आयोग के अनुसार पीबी –1, रू. 5200–20200+ग्रेड पे) का नाम | न्यूनतम अर्हक अंक |
|---|---|
| पे लेवल 5 (ग्रेड पे रू. 2800) | 70 अंक |
| पे लेवल 4 (ग्रेड पे रू. 2400) | |
| पे लेवल 3 (ग्रेड पे रू. 2000) | 65 अंक |
| पे लेवल 2 (ग्रेड पे रू. 1900) | |

**नोट :–** नियुक्ति की पेशकश पूर्णतः मैरिट के आधार पर की जाएगी। यदि एक से ज्यादा खिलाड़ी समान अंक प्राप्त करते हैं तो मैरिट का निर्णय करने के लिए कम आयु के उम्मीदवार को तरजीह दी जाएगी।

**{8} महत्वपूर्ण अनुदेश :–**

(i) अभ्यर्थी अधिसूचना में दिए गए संलग्नक–I पर निर्धारित फॉर्मेट में ए/4 आकार के अच्छी गुणवत्ता के कागज पर अनिवार्य अनुलग्नकों (आयु, शिक्षा, खेल उपलब्धियाँ, जाति/समुदाय आदि के प्रमाण–पत्र) की स्वयं–सत्यापित फोटो प्रतियों के साथ सभी दृष्टि से विधिवत पूर्ण भरा हुआ अपना आवेदन जमा करें ।

(ii) अभ्यार्थी द्वारा आवेदन अपनी स्वयं की हस्तलिपि में नीले/काले बॉल प्वाइंट कलम का उपयोग करके हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में भरे जाएँ।

(iii) शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दिए गए अनुसार, अभ्यार्थी अपना नाम, पिता/पति का नाम भरें। अभ्यार्थी आवेदन पत्र में में पूछे गए अन्य विवरण भी इंगित करें।

(iv) एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ (4 सेमी x 5 सेमी) आवेदन पत्र पर अवश्य चिपकाएँ। फोटोग्राफ सामान्यतः आवेदन करने की तिथि से 03 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। फोटोग्राफ पूर्ण चेहरा प्रकट करते हुए एवं साफ व स्पष्ट होने चाहिए।

(v) उम्मीदवार का हस्ताक्षर पूर्ण एवं चालू हैंडराइटिंग में, जो कि अँग्रेजी के बड़े अक्षरों एवं पृथक अक्षरों में ना हो, होने चाहिए। आवेदन पत्र में दिए गए निर्धारित स्थान पर उम्मीदवारों को हिन्दी अथवा अँग्रेजी में हस्ताक्षर अवश्य करने चाहिए।

(vi) यदि आवेदन पत्र में बाँए हाथ का अँगूठा नहीं लगाया गया हो/धूँधला हो तो आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएँगे।

(vii) अभ्यार्थी को आवेदित विशिष्ट खेल का नाम, इवेंट एवं पोजीशन जैसा कि उपरोक्त पैरा 1 में दिया गया है (जैसे – फास्ट बॉलर/वीकेट कीपर आदि) के अनुसार इंगित करना चाहिए।

(viii) आवेदक को अधिसूचना की प्रारंभ तिथि से पूर्व निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं खेलकूद उपलब्धियाँ प्राप्त होनी चाहिए।

(ix) पैरा 5 (ii) में उल्लेखित कम शुल्क का दावा करने वाले अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यार्थियों को आवश्यक रूप से स्व–सत्यापित जाति प्रमाण पत्र/अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र या स्व–घोषणा/आय प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे अन्यथा उनकी उम्मीदवारी सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जाएगी।

(x) उच्चतर ग्रेड वेतन के लिए खेल योग्यता रखने वाले खिलाड़ी भी यदि निम्नतर ग्रेड वेतन की रिक्तियों के लिए आवेदन करते हैं तो केवल आवेदित पे लेवल के लिए विचार किया जायेगा ।

**(xi) एक से अधिक खेल/स्पर्धा के लिए आवेदन करने वाला अभ्यर्थी शुल्क के रूप में अलग डी.डी./आईपीओ तथा प्रत्येक खेल/स्पर्धा के लिए अलग दस्तावेजों के साथ अलग–अलग आवेदन जमा करें ।**

(xii) ऐसे उम्मीदवार जो रेलवे या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सहित किसी भी केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग में कार्यरत हो, वें उचित माध्यम द्वारा आवेदन करें या विलम्ब से बचने के लिए नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण" पत्र सहित रेभक–उपरे को सीधा आवेदन कर सकते हैं। सम्बन्धित कार्यालय द्वारा आवेदन –पत्र को भेजने में किसी भी तरह विलम्ब के लिए रेलवे भर्ती कक्ष के कार्यालय में आवदेन पत्रों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि को बढाया नहीं जाएगा। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xiii) अधिसूचना में दिए गए किसी भी निर्देशों की अनुपालना नहीं करने पर आवेदन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

(xiv) अभ्यर्थी आवेदन की अंतिम तिथि के बाद अल्प सूचना पर ट्रायल आदि में शामिल होने के लिए तैयार रहें।

(xv) पात्र अभ्यार्थियों को उनके पत्राचार के पते पर बुलावा पत्र भेजे जाएँगे। रेभक, जयपुर द्वारा पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर के वेबसाइट (www.rrcjaipur.in) पर अपलोड किए जाएँगे।

(xvi) अभ्यर्थी ट्रायल एवं साक्षात्कार के दिन उन सभी प्रमाण पत्रों (जो आवेदन के साथ संलग्न किए हैं) की **स्व–सत्यापित** फोटो प्रतियों के एक सेट के साथ मूल दस्तावेज लाएं, जिसके बिना उन्हें ट्रायल/साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी । अँग्रेजी या हिन्दी के अलावा अन्य भाषा में प्रमाण पत्र के साथ अँग्रेजी/हिन्दी में एक स्व–सत्यापित अनुवाद संलग्न किया जाए।

(xvii) ट्रायल/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी का फ्री पास जारी किया जाएगा। यद्यपि ट्रायल/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास की व्यवस्था नहीं दी जायेगी। उन्हें खेलने की अपनी किट लानी होगी। उन्हें चयन के दौरान 2–3 दिन के लिए ठहरना भी अपेक्षित होगा, जिसके लिए उन्हें स्वयं अपनी व्यवस्था करनी होगी । रेलवे प्रशासन को कोई उपयुक्त समझी जाने वाली तारीख तय करने, ट्रायल/साक्षात्कार का स्थान बदलने या स्थगित करने (अपनी सुविधा पर) या अपरिहार्य परिस्थितियों में ट्रायल/साक्षात्कार रद्द करने का भी अधिकार होगा, जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा । चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर पश्चिम रेलवे में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

(xviii) वैसे अभ्यार्थी जो ट्रायल, साक्षात्कार और अन्य चयन प्रकिया हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होते हैं उनकी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी।

(xix) भर्ती के प्रत्येक चरण में अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतः अस्थायी होगा, जो निर्धारित पात्रता शर्तों के संतुष्टीकरण पर निर्भर होगा । अभ्यर्थी को केवल बुलावा–पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी पात्रता अंतिम रूप से सही मान ली गई है ।

(xx) लेवल–4/5 और लेवल–2/3 में विशिष्ट कोटि तथा पदनियुक्ति स्थान नामिका को अन्तिम रूप दिये जाने के बाद उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

(xxi) नियुक्ति के लिए पद पर अनुशंसित किए गए खिलाडियों को, जिस पद के लिए उन्हें अनुशंसित किया गया है, उस पद के लिए निर्धारित चिकित्सा परीक्षण पास करना होगा ।

(xxii) चयनित उम्मीदवारों को जहां कहीं पद विशेष के लिए प्रशिक्षण निर्धारित होगा उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

(xxiii) चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति के समय 5 वर्ष का **'सेवा बॉण्ड'** प्रस्तुत करना होगा ।

(xxiv) खेलकूद कोटा के अन्तर्गत नियुक्त खिलाड़ी को सेवा से हटाने के अपेक्षित प्रक्रिया का पालन करते हुए सेवा से हटा दिया जायेगा यदि भर्ती के लिए उसके द्वारा प्रस्तुत कोई सूचना और प्रलेख किसी स्तर पर गलत/जाली पाया जाता है ।

(xxv) पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अंतिम चयन, नियुक्ति प्रस्ताव, उत्तर पश्चिम रेलवे/भारतीय रेलवे के लिए उपयुक्त तथा पद एवं ग्रेड वेतन इत्यादि देने के संबंधित सभी मामले पर रेलवे प्रशासन/चयन समिति का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों के लिए मान्य होगा, और इस संबंध में किसी पूछताछ के लिए पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**{9} अमान्य आवेदन :– आवेदक द्वारा जमा किए आवेदन पत्र और दस्तावेजों में निम्नलिखित में से कोई त्रुटि पाए जाने पर आवेदन अमान्य/अपात्र माना जाएगा :**

(9.1) आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में न हो और अपूर्ण (कोई भी कॉलम खाली छोड़ा हो) या अपठनीय हो ।

(9.2) आवेदन बिना फोटो के, बिना बाएँ हाथ के अंगूठे के निशान के, बिना हस्ताक्षर के तथा अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर किया गया हो।

(9.3) आवेदन बिना शुल्क के या कम शुल्क के हों और अमान्य आईपीओ/डीडी (आईपीओ/डीडी अधिसूचना जारी होने की तिथि के पूर्व का होने पर पात्रता निरस्त कर दी जाएगी)।

(9.4) आवेदन जन्म तिथि (जो कि बोर्ड ऑफ एजुकेशन द्वारा जारी 10वीं/मैट्रीक प्रमाण पत्र/समकक्ष शैक्षणिक प्रमाण पत्र/शैक्षणिक प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि दर्शायी गई हो, होनी चाहिए) के प्रमाण के बिना हों, शैक्षणिक योग्यताएं, खेल उपलब्धियों आदि के प्रमाण के बिना हों ।

(9.5) अधिक या कम उम्र का हो या जन्मतिथि न भरी गई हो या गलत भरी गई हो ।

(9.6) आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न न हों ।

(9.7) आवेदन, अधिसूचना के अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हों ।

(9.8) आवेदन के समय अपेक्षित खेल योग्यता का न होना ।

(9.9) आवेदन के समय अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता का न होना ।

(9.10) दो इवेन्ट/गेम के लिए एक ही आवेदन किया हो।

(9.11) आवेदित खेल के लिए रिक्तियाँ अधिसूचित नहीं की गई है।

(9.12) कोई अन्य कमियां जो कि रेलवे भर्ती कक्ष (रे.भ.क) द्वारा अपात्रता के लिए मान्य हो ।

{10} **छदमरूपण/तथ्यों को दबाना/चेतावनी**

(10.1) किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण पर छदमरूपण या छदमरूपक की सहायता लेने का प्रयास नही करना चाहिए, ऐसे उम्मीदवारों को आरआरबी/आरआरसी की सभी परीक्षाओं से जीवन भर के लिए वंचित करने के साथ–साथ रेलवे में नियुक्ति के लिए भी वंचित कर दिया जाएगा, इसके अतिरिक्त उम्मीदवार के विरूद्व कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

(10.2) किसी उम्मीदवार द्वारा परीक्षा में उपस्थित होने हेतु पात्रता और/या सुविधाएं प्राप्त करने हेतु तथ्यों की सामग्री दबाना या जाली प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र जमा करना उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द कर देगी, जिस भर्ती विशेष के लिए, उसने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त उसे देशभर में सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा संचालित सभी परीक्षाओं से भी दो वर्ष की अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा और यदि उपयुक्त हुआ तो विधिक कार्रवाई प्रारंभ की जा सकती है।

{11} ऐसे उम्मीद्वार जिन्हें सभी रेलवे भर्ती बोर्ड/रेलवे भर्ती कक्ष की परीक्षाओं से जीवन भर के लिए वंचित कर दिया गया है या ऐसे उम्मीदवार एक विशेष अवधि के लिए वंचित किया गया है और वह अवधि अभी तक पुरी नहीं हुई है ऐसे उम्मीदवार इस रोजागार सूचना के प्रत्युत्तर में आवेदन नहीं करें। उनकी उम्मीदवारी को भर्ती की किसी भी स्तर के दौरान जब भी पता चले निरस्त कर दिया जाएगा।

{12} खिलाड़ियों की इन सभी भर्तियों के संबंध में समय–समय पर जारी संशोधनों, के साथ पठित रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2010/ई(खेलकूद)/4(1)/1/(नीति) दिनांक 31.12.2010 (आरबीई न. 189 (बी)/2010) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

{13} वर्तमान नियमों के अनुसार रोजगार सूचना के किन्हीं निबंधनों व शर्तों में बाद में कोई परिवर्तन किए जाते हैं, तो वे वो ही रहेंगे। आर आर सी को जब भी लागु हो इस रोजगार सूचना के अंतर्गत भर्ती के निबंधनों व शर्तों में बाद में किए गए परिवर्तनों/आशोधन/परिवर्धनों/निरस्तीकरण पर विचार/शामिल करने का अधिकार होगा।

{14} खेलकूद कोटे के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कम से कम 05 वर्षों तक अपने खेल में परफॉर्म करना होगा, उनकी परफॉरमेन्स को प्रथम दो वर्षों का परिवीक्षण अवधि (प्रोबेशन अवधि) के दौरान मूल्यांकन किया जायेगा। यदि परफॉरमेन्स स्तरीय (Up to the mark) नहीं पाई गई तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

{15} पात्र अभ्यार्थियों को रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के द्वारा ट्रायल की तिथि, स्थान एवं समय के बारे में सूचित किया जाएगा। सामान्य सूचना रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट (www.rrcjaipur.in) पर अपलोड किए जाएँगे।

{16} यदि आवेदन में कोई अनियमितता/कमी पाई जाती है, तो आरआरसी किसी चरण पर किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

{17} किसी विधिक विवाद के लिए, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जयपुर का ही क्षेत्रधिकार होगा।

{18} किसी विवाद या कोई भूल की दशा में अंग्रेजी माध्यम को अंतिम माना जाएगा।

{19} अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट www.rrcjaipur.in एवं www.nwr.indianrailways.gov.in पर भी लॉग ऑन करें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
रोजगार सूचना सं. 01/2018 (उपरे/खेलकूद/खुला विज्ञापन)
वर्ष 2018–19 के खेलकूद कोटे के अंतर्गत सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र
**(कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें)**

**कृपया अपना वर्तमान पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ चिपकाएं। (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित या स्वयं अभिप्रमाणित)**

**सेवा में,**
**सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती**
**रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे,**
**पावर हाउस रोड, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने,**
**जयपुर – 302006**

1. (अ) आवेदित खेल का नाम .................... (ब) स्पर्धा (Event) ....................
   (स) टीम में स्थान (अगर टीम सदस्य के रूप में हो तो) ....................
2. आवेदित पद का पे लेवल/ग्रेड पे ....................
   **(अभ्यर्थी आवेदन पत्र में ग्रेड पे भरने से पहले अधिसूचना का पैरा 2 अवश्य देखें, जो कि अधिसूचना के पैरा 2 में वर्णित पात्रता के अनुसार ही भरें)**
3. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |

4. अभ्यर्थी के पिता का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |

5. (अ) जन्म तिथि (मैट्रिक प्रमाण पत्र के अनुसार) : [ ][ ] दिनांक [ ][ ] माह [ ][ ][ ][ ] वर्ष
   (ब) वर्तमान आयु (**दिनांक 01.01.2019 को**) : [ ][ ] वर्ष [ ][ ] माह [ ][ ] दिन
6. लिंग : पुरूष [ ] महिला [ ]
7. समुदाय (अनारक्षित/अपिव/अजा/अजजा) : ....................
8. राष्ट्रीयता : ....................
9. (अ) अल्पसंख्यक : (हाँ/नहीं) : .......... (यदि हाँ तो अनुलग्नक II में उल्लेखित स्वयं घोषणा पत्र संलग्न करें)
   (ब) अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम/सिख/इसाई/बौद्ध/पारसी/जैन) ....................
10. आर्थिक पिछड़ा वर्ग : (हाँ/नहीं) : .......... (यदि हाँ तो अनुलग्नक III में दिए प्रोफार्मा में प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. पहचान चिन्ह : **(दर्शाना अनिवार्य है, यदि नहीं हो तो कृपया 'निल' लिखें)** :
    I. ....................
    II. ....................
12. पत्राचार हेतु पता :
    ....................
    ....................
    ....................
    .................... राज्य .................... पिन कोड ....................

13. स्थायी पता :

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

........................................ राज्य ........................................ पिन कोड ........................................

14. (I) टेलीफोन नं./मोबाइल नं. ........................................................................................

(II) ई-मेल पता (अगर हो तो) ........................................................................................

15. शैक्षणिक योग्यता : **(शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें) :**

| उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविधालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

16. संक्षिप्त में खेल उपलब्धियाँ **(दिनांक 01.04.2016 को या बाद में) (खेलकूद प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें)**

| क्रम सं. | स्पर्धा/टूर्नामेंट/चैम्पियनशीप का नाम | स्पर्धा/टूर्नामेंट/चैम्पियनशीप का वर्ष | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

17. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर का विवरण :

| पोस्ट ऑफिस/बैंक का नाम | भारतीय पोस्टल आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट नं. | जारी करने की तिथि | राशि |
|---|---|---|---|
| | | | |

18. फीस वापसी : (हाँ/नहीं) :..............................

**{यदि हाँ, तो कोटि पर (√) का निशान लगाएँ : अजा/अजजा/महिला/अल्पसंख्यक/अर्थिक पिछड़ा वर्ग}**

19. क्या आप किसी सरकारी/पीएसयू संगठन में कार्यरत हैं : ........................................................

**(यदि हाँ, तो आवेदन, अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ उचित माध्यम से भेजा जाए)**

20. संलग्न किए गए प्रमाण पत्रों की सूची :

| क्रम सं. | संलग्न प्रमाण पत्रों का विवरण |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**घोषणा**

"मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है । यदि कुछ गलत या असत्य पाया जाता है, तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि गलती का पता मेरे चयन के बाद चलता है, तो मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है । मैं उत्तर पश्चिम रेलवे में कहीं भी तैनात किए जाने का इच्छुक हूँ।"

स्थान ..............................

दिनांक ..............................

बायें हाथ के अँगुठे का निशान

.....................................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

**(अँग्रेजी के बड़े अक्षर में न हों)**

**(बड़े अक्षर में किए गए हस्ताक्षर अपात्र किए जाएँगे)**

संलग्नक– II

**अल्प संख्यक अभ्यर्थियों के लिए घोषणा पत्र का प्रारूप जो कि आवेदन पत्र के साथ रोजगार सूचना संख्या 01/2018 (उ.प.रे./खेलकूद/खुला विज्ञापन) के अन्तर्गत भरकर प्रस्तुत करना है ।**

**घोषणा**

मैं .................................................................................पुत्र/पुत्री श्री ..................................................................
निवासी ....................................... का ......................................... गली ..........................................
गाँव/ कस्बा/शहर ....................................................जिला .......................... राज्य ................................
का निवासी हूँ और एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं ..................... (केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात मुस्लिम/सिख/इसाई/बौद्ध/पारसी/जैन इंगित करें) से संबंधित हूँ।

स्थान :
तिथि :

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
अभ्यर्थी का नाम

**नोट :** प्रलेख सत्यापन के समय परीक्षा शुल्क में छूट का दावा करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर 'अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा' शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात मुस्लिम/सिख/इसाई/बौद्ध/पारसी/जैन से संबंधित है ।

संलग्नक– III

**परीक्षा शुल्क की माफी के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय प्रमाण पत्र**

1. अभ्यर्थी का नाम : ..........................................
2. पिता का नाम : ..........................................
3. आयु : ..........................................
4. आवासीय पता : ..........................................
5. परिवार की वार्षिक आय (शब्दों और अंकों में ) : ..........................................
6. जारी करने की तिथि : ..........................................
7. हस्ताक्षर : ..........................................
8. जारीकर्ता प्राधिकारी की मोहर : ..........................................

**नोट :–** आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का अर्थ वह अभ्यर्थी है, जिसकी पारिवारिक आय रू. 50000/– प्रति वर्ष से कम है । आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की पहचान के लिए आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित हैं :–

i. जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर तक का कोई अन्य राजस्व अधिकारी ।
ii. अपने संसदीय क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए लोक सभा के वर्तमान सांसद ।
iii. गरीबी–रेखा के नीचे (बीपीएल) कार्ड या मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम या रेलों द्वारा जारी रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रमाण पत्र ।
iv. केन्द्रीय मंत्री रेभक को देश में कहीं से किसी भी व्यक्ति के लिए भी सिफारिश कर सकते हैं ।
v. राज्य सभा के वर्तमान सांसद उस जिले के व्यक्तियों के लिए, जिनमें वे एमपी–सामान्यतया निवास करते हैं, ।